प्रसार भारती
आकाशवाणी शिमला
06.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

प्रधानमंत्री कर्तव्य भवन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर कर्तव्य भवन–3 का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने नए भवन का निरीक्षण किया और उसकी विशेषताओं के बारे में जानकारी ली। ये भवन व्यापक परिवर्तन के सेंट्रल विस्टा परियोजना का हिस्सा है। यह आगामी साझा केन्द्रीय सचिवालय के कई भवनों में से पहला भवन है। इसका उद्देश्य प्रशासनिक प्रक्रिया को सुव्यवस्थित और चुस्त–दुरूस्त करना है।

कमलेश पासवान

केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्य मन्त्री कमलेश पासवान ने कहा है कि 2 सौ 20 किलोमीटर लम्बे शिमला–काँगड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग को चार लेन, दो लेन और पेव्ड शोल्डर में विकसित किया जा रहा है। सांसद डॉक्टर राजीव भारद्वाज द्वारा संसद में पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने ये जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इस राष्ट्रीय राजमार्ग में शिमला से शालाघाट के बीच 31 दशमलव 5 सौ किलोमीटर लम्बे चार लेन मार्ग की बिस्तृत परियोजना रिपोर्ट के आधार पर लेन की आकृति इम्प्रूवमेंट की जाएगी।

रोबोटिक सर्जरी

शिमला के चमियाणा स्थित अटल सुपर स्पेशिएलिटी आयुर्विज्ञान संस्थान प्रदेश का पहला स्वास्थ्य संस्थान है जिसमें नई दिल्ली एम्स की तर्ज पर मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। अस्पताल में रोबोटिक सर्जरी की सुविधा शुरू हो रही है। इस दिशा में संस्थान में 29 करोड़ रुपये की लागत वाली एक अत्याधुनिक रोबोटिक सर्जरी मशीन स्थापित की जा चुकी है और इसके क्लीनिकल लांच की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। स्वास्थ्य विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि स्वास्थ्य क्षेत्र में अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने की पहल के तहत, अटल सुपर स्पेशिएलिटी आयुर्विज्ञान संस्थान चमियाना में 42 करोड़ रुपये लागत के चिकित्सा उपकरण स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी चिकित्सा महाविद्यालयों और सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों को आधुनिक तकनीक से लैस करने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है ताकि मरीजों को उनके घर–द्वार के निकट बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित हो सकें।

मौसम

मॉनसून की सक्रियता के चलते राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में भारी वर्षा का दौर जारी है। इससे जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हुआ है। भारी वर्षा के चलते आज प्रदेश के कई स्थानों पर शिक्षण संस्थान बंद रखने के आदेश दिए गए हैं।

प्रदेश में लगातार हो रही बारिश के कारण चार राष्ट्रीय उच्च मार्गों सहित 6 सौ 13 सड़कें यातायात के लिए अवरूद्ध हैं। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि प्रदेश में मॉनसून की भारी बारिश से अब तक एक हजार 6 सौ करोड़ रूपए से अधिक का नुकसान हो चुका है। शिमला में आज पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि लगातार भारी बारिश से नदी नाले उफान पर हैं। जगत सिंह नेगी ने कहा कि भूस्खलन के कारण अवरूद्ध सड़कों को खोलने का काम युद्धस्तर पर जारी है।

इस बीच मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के दौरान राज्य के अधिकतर स्थानों पर बारिश का क्रम जारी रहने की संभावना जताई है।

कैलाश यात्रा

किन्नौर जिला के तांगलिंग क्षेत्र में किन्नर कैलाश यात्रा मार्ग पर बादल फटने से ट्रैक का बड़ा हिस्सा बह गया और हजारों यात्री फंस गए थे। इंडो–तिब्बतन बॉर्डर पुलिस की 17वीं वाहिनी की टीम ने रस्सी आधारित ट्रैवर्स क्रॉसिंग तकनीक का प्रयोग करते हुए अब तक 4 सौ 13 श्रद्धालुओं को निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। इस बीच खराब मौसम को देखते हुए किन्नर कैलाश यात्रा अगले आदेशों तक अस्थायी रूप से स्थगित कर दी गई है। कल्पा के एसडीएम अमित कल्थाईक ने लोगों से प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों की अनुपालना करने की अपील की है।

हादसा

शिमला जिला के रोहडू क्षेत्र के चिड़गांव में एक निजी वाहन के पब्बर नदी में गिरने से तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।